कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सीएसए के कुलपति और दो केवीके प्रभारी सम्मानित

संवाददाता/ डीटीएनएन

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के कुलपति डॉ. संजीव कुमार गुप्ता को कृषि प्रसार, कृषक प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीकों के प्रसार और किसानों की आय बढ़ाने में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के स्थापना दिवस पर लखनऊ स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के सभागार में उन्हें सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर, कानपुर देहात के प्रभारी डॉ. अजय कुमार सिंह और कृषि विज्ञान केंद्र फतेहपुर की प्रभारी डॉ. साधना वैश्य को भी सम्मान मिला। दोनों को किसानों तक आधुनिक कृषि तकनीक पहुंचाने, समय पर प्रशिक्षण देने और उनकी आय बढ़ाने के प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महानिदेशक उपकार डॉ. संजय सिंह, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, प्रमुख सचिव कृषि एमके शन्नमुगा सुंदरम और उपकार के अध्यक्ष डॉ. विकास गुप्ता सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। सम्मान मिलने पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों, अधिकारियों और कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों में हर्ष है।



किसानों की आय बढ़ाने, प्रशिक्षण और आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रसार में योगदान को मिली सराहना





Now access Dinar Times ePaper For FREE! Whatsapp 92195 22349 Send Messege Type EDT